pib.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
*****

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कर्नाटक के बेंगलुरु में **तीन अलग-अलग प्रकल्पों का लोकार्पण** किया

श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना के खिलाफ लड़ाई का एक महत्वपूर्ण पड़ाव 'टीकाकरण' की आज शुरूआत हुई

हम सब के लिए गर्व की बात है कि आज से लगने वाली दोनों वैक्सीन भारत के अंदर बनी हैं

कोरोना से लड़ने के लिए लगने वाली वैक्सीनेशन की प्रक्रिया में मोदी जी के नेतृत्व में भारत ही विश्व का नेतृत्व करेगा, इस प्रकार की सिचुएशन अगले एक-दो महीने में हमें देखने को मिलेगी

मुख्यमंत्री श्री येदयुरप्पा के नेतृत्व में कर्नाटक के अंदर कोरोना के खिलाफ लड़ाई बहुत अच्छे तरीके से लड़ी गई

मोदी जी ने कर्नाटक के लिए ढेर सारे काम किए हैं और केंद्र तथा राज्य सरकार दोनों मिलकर कर्नाटक के अंदर विकास करने के लिए कटिबद्ध है

श्री बोम्मई ने 15-15 का जो फार्मूला दिया जिसमें 15 सेकेंड के अंदर रिस्पांस और 15 मिनट के अंदर संपर्क होगा, यह अद्भुत प्रयास है

पुलिस के लिए हाउसिंग बहुत बड़ी समस्या होती है और श्री बोम्मई ने लक्ष्य रखा है कि 2025 तक हाउसिंग सटिसफैक्सन रेशियो 65 प्रतिशत से ऊपर ले जाना है, जो अत्यंत सराहनीय प्रयास है

नई दिल्ली, 16 जनवरी, 2021

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कर्नाटक के बेंगलुरु **में** तीन अलग-अलग प्रकल्पों का लोकार्पण **किया। इस मौके पर अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने** मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं देते हुए **कहा कि** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना के खिलाफ लड़ाई का एक महत्वपूर्ण पड़ाव ‘टीकाकरण’ की आज शुरूआत हुई। श्री शाह का कहना था कि हम सब के लिए गर्व की बात है आज से लगने वाली दोनों वैक्सीन भारत के अंदर बनी हुई हैं। श्री शाह ने यह भी कहा कि एक प्रकार से पूरी दुनिया को कोरोना से लड़ने के लिए लगने वाली वैक्सीनेशन की प्रक्रिया में मोदी जी के नेतृत्व में भारत ही विश्व का नेतृत्व करेगा, इस प्रकार की सिचुएशन अगले एक-दो महीने में हमें देखने को मिलेगी।

श्री अमित शाह ने कहा कि भारत के अंदर मोदी जी की नीति के कारण केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकारों और 130 करोड़ की जनता कोरोना के खिलाफ खड़ी हुई। लॉकडाउन का संस्कार डालने के लिए जनता कर्फ़्यू का सभी लोगों ने पालन किया। उसके बाद थाली, घंटी बजा कर इसके खिलाफ जागृति का कार्यक्रम किया और बाद में दिया जलाकर श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम भी किया गया।

श्री अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री येदयुरप्पा जी के नेतृत्व में कर्नाटक के अंदर कोरोना के खिलाफ लड़ाई बहुत अच्छे तरीके से लड़ी है और कर्नाटक पुलिस विशेषकर बेंगलुरु में अत्यंत सराहनीय काम किया।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज 112 का एक्सटेंशन हो रहा है और डेढ़ सौ वाहन इसके अंदर जुड़े हैं। साथ ही श्री बोम्मई ने 15-15 का जो फार्मूला दिया जिसमें 15 सेकेंड के अंदर रिस्पांस और 15 मिनट के अंदर संपर्क होगा, यह अद्‌भुत प्रयास है। उन्होने विश्वास जताया कि कर्नाटक की सरकार इस लक्ष्य को सिद्‌ध कर लेगी। श्री शाह ने कहा कि पुलिस के लिए हाउसिंग बहुत बड़ी समस्या होती है और श्री बोम्मई ने लक्ष्य रखा है कि 2025 तक हाउसिंग सटिसफैक्सन रेशियो 65 प्रतिशत से ऊपर ले जाना है, जो बहुत अच्छा प्रयास है। आज उन्होने 2025 के लक्ष्य की शुरूआत की है उसके लिए उन्हे बधाई देता हूँ। इंडिया रिजर्व बटालियन विजयपुरा की भी आज शुरूआत की गई है। कुल 105 करोड़ की लागत से निर्मित इंडिया रिजर्व बटालियन में युवाओं को भर्ती कर एक अच्छा तंत्र बनाया जाएगा।

श्री अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने कर्नाटक के लिए ढेर सारे काम किए हैं और केंद्र तथा राज्य सरकार दोनों मिलकर कर्नाटक के अंदर विकास करने के लिए कटिबद्ध है। चाहे स्ट्रक्चर का काम हो, वित्तीय सहायता का काम हो, पुलिस विभाग का आधुनिकरण का काम हो, शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव या किसानों के हित में काम हो, हर क्षेत्र के अंदर केंद्र सरकार कर्नाटक की जनता के साथ खड़ी है।

कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री श्री येदयुरप्पा, केंद्रीय मंत्री श्री सदानंद गौड़ा, कोयला और खदान तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रहलाद जोशी, उपमुख्यमंत्री श्री गोविंद कारजोल, डॉ सीएन अश्वथ नारायण, कर्नाटक के गृह मंत्री बसवराज बोम्मई सहित केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

****

एनडब्ल्यू/पीके/एडी/डीडीडी